# University in News on 24 August 2022

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : बीबीए की परीक्षाएं भी एमसीक्यू पैटर्न पर होंगी

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि में बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस इवेन (दूसरे) सेमेस्टर की परीक्षाएं भी बहुविकल्पीय सवालों पर आधारित होंगी। इसे लेकर विद्यार्थियों के बीच ऊहापोह को देखते हुए विवि प्रशासन ने अपने यहां और कॉलेजों को पत्र भेजकर सूचित किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शुरू हुई स्नातक की पढ़ाई में इवेन सेमेस्टर की परीक्षाएं एमसीक्यू पैटर्न पर आधारित होनी हैं। परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी हो गया है। वहीं बीबीए इवेन सेमेस्टर की परीक्षाएं भी प्रस्तावित हैं। विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) की ओएसडी प्रो. विनीता कोचर की ओर से पत्र जारी कर सूचित किया गया है कि बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस इवेन (दूसरे) सेमेस्टर की परीक्षाएं भी बहुविकल्पीय सवालों पर आधारित होंगी। उन्होंने बताया कि विवि के ऑर्डिनेंस में यह व्यवस्था है और कुलसचिव की ओर से सभी कॉलेजों को इसका पत्र भी भेजा जा चुका है। विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति को देखते हुए यह सूचना जारी की गई है।

### चार जिलों में 21 केंद्रों पर होंगी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं

**लखनऊ।** लविवि की बीए, बीएससी, बीकॉम सेकंड सेमेस्टर की 31 अगस्त से प्रस्तावित परीक्षाएं नए जुड़े चार जिलों में 21 केंद्रों पर होंगी। विवि प्रशासन ने मंगलवार देर रात सूचना जारी कर बताया कि रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में सेकंड सेमेस्टर परीक्षा के लिए 21 केंद्र बनाए गए हैं जहां पर अलॉट कॉलेजों की परीक्षा होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया, कॉलेजों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए 25 अगस्त तक का समय दिया गया है। परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं लखनऊ में परीक्षा केंद्रों को लेकर अभी कोई सूचना नहीं जारी की गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## एलयू : आठ केंद्रों पर होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि की ओर से 6-7 सितंबर को प्रस्तावित पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन आठ केंद्रों पर दो पालियों में किया जाएगा। विवि प्रशासन ने मंगलवार को इसका विस्तृत कार्यक्रम जारी किया। इसके अनुसार छह सितंबर को सुबह की पाली 11.30 से दोपहर एक बजे तक होने वाली परीक्षा विवि के पुराना कैंपस में जेके ब्लॉक व डॉ. केके सक्सेना (न्यू कॉमर्स) ब्लॉक में होगी। दूसरी पाली में शाम चार से 5.30 बजे तक इन्हीं केंद्रों पर परीक्षा होगी। इन्हीं केंद्रों पर सात सितंबर को भी दोनों पालियों में परीक्षा का आयोजन होगा।

एक ओर प्रवेश परीक्षा की तैयारी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ एनएसयूआई ने प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग की है। एनएसयूआई के आर्यन मिश्रा ने कहा है कि काफी छात्र प्रवेश परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके हैं। विवि प्रशासन को ऐसे विद्यार्थियों को एक और मौका देना चाहिए।

### आज अंतिम मौका

**लखनऊ।** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में उन विद्यार्थियों जिनके नाम प्रवेश की मेरिट लिस्ट में है, को काउंसिलिंग व प्रवेश शुल्क जमा करने के लिए 24 अगस्त कर दिया गया है। विद्यार्थी इस तिथि तक प्रवेश शुल्क जमा कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### मिड टर्म का अवसर

**लखनऊ।** डीएवी डिग्री कॉलेज में विधि तीन वर्षीय पाठ्यक्रम दूसरे सेमेस्टर सत्र 2021-22 के जिन विद्यार्थियों ने मिड टर्म नहीं दिया है उनको 26-27 अगस्त को एक अंतिम अवसर दिया गया है। इसके लिए छात्र अनिवार्य रूप से इसमें शामिल होना सुनिश्चित करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

**HINDUSTAN PAGE 6**

## स्नातक परीक्षाओं के लिए 146 केंद्र बनाए

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 अगस्त से शुरू हो रही हैं। बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए मंगलवार देर रात प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की गई। इस परीक्षा के लिए 21 नोडल एवं 146 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। परीक्षा केन्द्र लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर के कॉलजों को बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि प्रस्तावित सूची में यदि कोई आपत्ति है दो दिनों में आपत्ति दर्ज करानी होगी।

**छात्र आरिज आबिद ने जीता रजत पदक**

लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मुमताज पीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष के छात्र ने आरिज आबिद ने राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता है। हरियाणा के सोनीपत में हुए 15वीं जीएफआई नेशनल ग्रैपलिंग चैंपियनशिप 2022 में 71 किलोग्राम पुरुष ग्रेपलिंग वर्ग में आबिद को रजत पदक मिला।

## एलयू: डीफार्मा प्रथम वर्ष का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्टिकल के डी फार्मा प्रथम वर्ष सत्र 2021 के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जारी परिणाम में पहला स्थान श्रुति पांडेय (80.3 प्रतिशत), दूसरा स्थान ईशान शर्मा (79.3 प्रतिशत) और तृतीय स्थान सौरभ द्विवेदी (79 प्रतिशत) को मिला। इन छात्रों को संस्थान की ओर से सम्मानित भी किया गया। डी फार्मा की परीक्षा में कुल 58 छात्र शामिल हुए।

**बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम जारी**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट देखा सकता है। जल्द ही बचे हुए परिणामों को जारी किया जाएगा।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## लवि : स्नातक परीक्षाओं के लिए 147 केंद्र प्रस्तावित

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने 31 अगस्त से शुरू होने वाली स्नातक द्वितीय सेमेस्टर जून 2022 की परिक्षाओं के लिए मंगलवार रात केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी। परीक्षाओं के लिए हरदोई, सीतापुर, रायबरेली व लखीमपुर खीरी जिलों में 147 केंद्र बनाए गए हैं। इन पर कालेज को आपत्ति है तो 25 अगस्त शाम पांच बजे तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं, लेकिन लखनऊ में कितने केंद्रों पर परीक्षा होनी है, इसकी जानकारी प्रस्तावित सूची में नहीं है। ऐसे में लखनऊ के कालेज कैसे आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

**RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5**

## डीफार्मा प्रथम वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ। भैषजिक विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविधालय के डीफार्म के प्रथम वर्ष सत्र 2021 के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहीं श्रुति पांडेय (80.3 फीसद), द्वितीय स्थान पर रहे ईशान शर्मा (79.3फीसद) तथा तृतीया स्थान पर रहे सौरभ द्विवेदी (79फीसद) को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में कुल 58 छात्र शामिल हुए एवं 81 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की ।

**VOICE OF LUCKNOW PAGE 2**

## लविवि ने डीफार्म का परीक्षाफल किया घोषित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने भैषजिक विज्ञान संस्थान के डीफार्म के प्रथम वर्ष सत्र 2021 के छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित। प्रथम स्थान श्रुति पांडेय (80.3 फीसदी), द्वितीय स्थान ईशान शर्मा (79.3 फीसदी) तथा तृतीया स्थान सौरभ द्विवेदी (79 फीसदी) प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्थान ने सम्मानित किया। इस परीक्षा में कुल 58 छात्र शामिल हुये एवं 81 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा पास की। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने सभी शिक्षकों के सार्थक प्रयास और छात्रों को बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनायें दी।